रौल नं०........................नाम परीक्षार्थी..............................

XI-1

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2021-22 ई०

BL

## सामान्य हिन्दी (केवल प्रश्न-पत्र)

समय – 3.00 घण्टा     कक्षा – 11     पूर्णांक – 100

खण्ड 'क'

1. (क) 'सुख सागर' के लेखक हैं :- 1

(अ) लल्लू लाल     (ब) मुंशीसदासुखलाल

(स) इंशाअल्ला खाँ     (द) सदलमिश्र।

(ख) हिन्दी गद्य साहित्य के जनक माने जाते हैं :- 1

(अ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल     (ब) पं. लल्लू लाल

(स) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र     (द) इंशा अल्ला खाँ।

(ग) 'परीक्षा गुरू' के लेखक का नाम है :- 1

(अ) कार्तिक प्रसाद खत्री     (ब) बालकृष्ण भट्ट

(स) राधाकृष्णदास     (द) निवासदास।

(घ) 'चिन्तामणि' गद्य विधा की दृष्टि से हैं :- 1

(अ) नाटक     (ब) उपन्यास

(स) निबंध     (द) कहानी।

(ङ) 'सरस्वती पत्रिका' के सम्पादक रहे हैं :- 1

(अ) डॉ. सम्पूर्णानन्द     (ब) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(स) वासुदेवशरण अग्रवाल     (द) अज्ञेय।

2. (क) वीरगाथा काल का कवि नहीं है :- 1

(अ) चन्दबरदाई     (ब) नरपति नाल्ह

(स) दलपति विजय     (द) केशवदास।

(ख) आदिकाल का एक अन्य नाम है :- 1

(अ) स्वर्णयुग     (ब) शृंगार काल

(स) सिद्धसामंत काल     (द) भक्तिकाल।

(ग) अमीर खुशरो कवि हैं :- 1

(अ) आदिकाल के     (ब) भक्तिकाल के

(स) रीतिकाल के     (द) आधुनिक काल के।

(घ) ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि हैं :- 1

(अ) तुलसीदास     (ब) सूरदास

(स) कबीरदास     (द) बिहारी लाल।

(ङ) कबीर के दोहों को किस नाम से जाना जाता है :- 1

(अ) सबद     (ब) साखी

(स) रमैनी     (द) पद।

https://www.upboardonline.com



(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) श्रीकृष्ण गोपियों से क्या कहकर गए थे और अब उन्हें कितना समय व्यतीत हो गया है?

(द) विरह की स्थिति में गोपियों पर कौन घात लगाए बैठा है?

(य) श्रीकृष्ण अपने साथ क्या ले गए थे और इसका गोपियों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है?

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं गद्य रचनाओं के बारे में लिखिए :- 5

(अ) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी     (ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(स) सरदार पूर्णसिंह

(ख) निम्न में से किसी एक कवि का जीवन परिचय एवं कृतियों का उल्लेख कीजिए - 5

(अ) कबीरदास     (ब) तुलसीदास     (स) सूरदास

6. 'बलिदान' या 'आकाशदीप' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

खण्ड – 'ख'

7. निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 7

(क) भारतस्य स्वतन्त्रतान्दोलनस्य इदं नगरं प्रधानकेन्द्रम् आसीत्। श्रीमोतीलाल नेहरू, महामना मदनमोहनमालवीयः, आजादोपनाम-चन्द्रशेखरः अन्ये च स्वतन्त्रतासंग्रामसैनिकाः अस्मिन्नेव नगरभूमौ उषित्वा आन्दोलनस्य सञ्चालनम् अकुर्वन्। राष्ट्रनायकस्य पण्डितजवाहरलालस्य इयं क्रीडास्थली कर्मभूमिश्च।

अथवा

अस्योपत्यकासु नदीनां वनानाञ्च निर्झराः, अत्र विविधाः ओषधयो वनस्पतयश्च तिष्ठन्ति। इमा ओषधयः जनान् आमयेभ्यो रक्षन्ति, वनानाञ्च काष्ठानि गृहोपकरणनिर्माणार्थं प्रयुज्यन्ते। हिमालयः उन्नतौ दक्षिण-समुद्रात् समुत्थिता मेघमाला अवरुध्य भारते वर्षा प्रवर्तयति।

(ख) निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 7

ये नास्तिका निष्क्रियाश्च गुरुशास्त्रातिलङ्घिनः।
अधर्मज्ञा दुराचारास्ते भवन्ति गतायुषः॥

अथवा

देहिनोऽस्मिन् यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति॥

8. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- 2

(क) अन्धों में काना राजा     (ख) आग बबूला होना

(ग) दूध का दूध पानी का पानी     (घ) आम के आम गुठलियों के दाम।

पृष्ठ पलटिए

https://www.upboardonline.com

3. निम्न गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10

सब उन्नतियों का मूल धर्म है। इससे सब के पहले धर्म की ही उन्नति करनी उचित है। देखो अंगरेजों की धर्मनीति राजनीति परस्पर मिली है, इससे उनकी दिन-दिन कैसी उन्नति है। उनको जाने दो, अपने ही यहाँ देखो। तुम्हारे यहाँ धर्म की आड़ में नाना प्रकार की नीति समाज-गठन वैद्यक आदि भरे हुए हैं।

(अ) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) लेखक के अनुसार हमारे सारे कार्य किसके अनुसार होने आवश्यक हैं?
(द) लेखक के अनुसार धर्म का आशय किस प्रकार के आचरण से है?
(य) अंग्रेजों की 'धर्मनीति' के सम्बन्ध में भारतेन्दुजी क्या कहते हैं?

**अथवा**

सूर्य और चन्द्रमा ये दोनों ही आकाश की दो आँखों के समान हैं उनमें से सहस्रकिरणात्मक मूर्तिधारी सूर्य के ऊपर उठकर जब अशेष लोकों का अंधकार दूर कर दिया तब वह खूब ही चमक उठा। उधर बेचारा चन्द्रमा किरणहीन हो जाने से बहुत ही धूमिल हो गया। इस तरह आकाश की एक आँख तो खूब तेजस्वी और दूसरी तेजोहीन हो गई। अतएव ऐसा मालूम हुआ कि जैसे एक आँख प्रकाशवती और दूसरी अन्धीवाला आकाश काना हो गया हो।

(अ) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) आकाश की दो आँखें कौन-कौन सी हैं?
(द) 'अशेष' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।
(य) आकाश काना कैसे हो गया?

4. निम्नलिखित किसी एक पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10

(अ) नैना अंतरि आव तूं, ज्यौं हौं नैन झँपेउं।
ना हौं देखौं और कूँ, न तुझ देखन देऊँ॥

(अ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ब) प्रस्तुत साखी में कवि परमात्मा के प्रति किसका अनन्य प्रेम प्रदर्शित करते हैं।
(स) अपने नेत्रों में परमात्मा को बन्द करके कवि क्या करना चाहता है?
(द) इस साखी का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ब) करत कत परदेसी की बात।
मंदिर अरध अवधि बदि हमसौं, हरि अहार चलि जात।
ससि रिपु बरष, सूर रिपु बर, हर-रिपु कीन्हौ घात॥
मघ पंचक लै गयौ साँवरौ, तातै अति अकुलात।
नखत, वेद, ग्रह, जोरि, अर्धकरि, सोइ बनत अबखात।
सूरदास बस भई बिरह के, कर मीजे पछितात॥

(अ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।





9. (क) निम्न में से किन्हीं तीन शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए :- 3
हिमालय:, नरेश, इत्यादि, सूर्योदय, भानूदय:।

(ख) निम्न शब्द युग्मों में से किन्हीं दो शब्द-युग्मों का अर्थ बताइए :- 2
(अ) अभिराम-अविराम (ब) आलोक-अलोक
(स) अजर-अजिर (द) अशोच-अशौच।

(ग) निम्न शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए :- 2
अंक, सर, सोना, पूर्व।

(घ) निम्न में से किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :- 2
(अ) जिसे नेत्रों से दिखाई न दे (ब) जो बूढ़ा न हो।
(स) किसी बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना
(द) जानने की इच्छा रखने वाला।

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो को शुद्ध करके लिखिए :- 2
(अ) हाथी दहाड़ रहा है।
(ब) यह गुलाब का फूल है।
(स) आपका भविष्य उज्जवल हो।
(द) हिमालय पर्वत सबसे ऊँचा पर्वत है।
(य) यह सन्तरे मीठे है।

10. (क) 'श्रृंगार रस' अथवा 'वीररस' की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2
(ख) यमक अलंकार अथवा उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2
(ग) चौपाई छन्द अथवा दोहा छंद की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

11. अपने क्षेत्र में प्रदूषण से उत्पन्न स्थिति का वर्णन करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक को एक पत्र लिखिए। 4

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए :- 9
(क) कोरोना : एक वैश्विक चुनौती
(ख) भारत में आतंकवाद : समस्या और समाधान
(ग) मेरा प्रिय कवि
(घ) स्वच्छ भारत अभियान
(ङ) दूर संचार में क्रान्ति।